हिंदी दैनिक

नागपुर मेट्रो समाचार

# मेट्रो सिटी

नागपुर, बुधवार, 1 जनवरी 2025


## वर्ष 2024 को स्टेशनों के विकास के नाम पर रखा आरक्षित

### > पेंच में फंसे रहे यात्री



**नागपुर.** यह साल रेलवे यात्रियों के लिए परेशानी से भरा रहा। वर्ष 2023 के आखिर में रखी विकास की नींव का परिणाम साल भर अजनी व नागपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के रूप में दिखता रहा। विकास कार्य के नाम पर कभी स्टेशन के प्लेटफार्म तो कभी पूरा स्टेशन ही बंद रखा गया। त्योहारों में भी यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कुल मिलाकर वर्ष 2024 स्टेशनों के विकास के नाम पर आरक्षित रखा गया। हालांकि इस साल परेशानियों के बीच यात्रियों को थोड़ी राहत के नाम पर इतवारी स्टेशन का कायाकल्प, मुंबई की ओर जानेवाली गाड़ियों के कोच में वृद्धि, 100 से 130 किमी तक ट्रेनों की रफ्तार बढ़ना, नागपुर-सिकंदराबाद वंदे भारत का शुरू होना, अमृत स्टेशन के तहत छोटे स्टेशनों की सुविधा बढ़ना शामिल है।

नागपुर व अजनी रेलवे स्टेशन को वर्ल्ड क्लास बनाने को लेकर वर्ष 2023 के दिसंबर महीने में प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पण किया था। 2024 में इसका काम प्रारंभ हुआ है। दोनों स्टेशनों का कायाकल्प करने का जिम्मा आरएलडी ( रेल लैंड डेवलपमेंट ऑथोरिटी) को दिया गया है, जिसके लिए 5 सौ करोड़ से ज्यादा का खर्च अनुमानित है। तेज गति से विकास किया जा रहा है। फरवरी महीने से ही नागपुर व अजनी स्टेशन का आधा हिस्सा बंद कर रखा गया है। बेसमेंट पार्किंग के लिए नागपुर स्टेशन के पश्चिम द्वार का परिसर बंद कर रखने से यात्रियों को सीमित जगह से आना जाना करना पड़ रहा है। वहीं गाड़ी पार्किंग के लिए भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अजनी स्टेशन पर भी यही हाल है। विकास कार्य के चलते पीआरएस आदि को अलग जगह शिफ्ट कर दिया गया है, वहीं यात्रियों के आने जाने के लिए बनाये प्रवेश द्वार को बंद कर अस्थाई प्रवेश द्वार का निर्माण किया है, मगर यहां से लगेज लेकर जाने के लिए यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस विकास के चलते सितंबर महीने से 90 दिन के लिए अजनी रेलवे स्टेशन को बंद किया गया था। प्लेटफार्म नंबर दो पर कॉनकोर्स का काम करने के कारण इसे यात्रियों के लिए दिसंबर 15 तक बंद रखा गया था।

मंडल के करीब 20 स्टेशनों का विकास : नागपुर स्टेशन पर भी विकास कार्य के चलते कभी प्लेटफार्म नंबर 8 बंद किया गया तो कभी पार्किंग व्यवस्था को बंद रखा गया। इससे यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। इसके अलावा अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत भी मध्य रेलवे व दपूम रेलवे नागपुर मंडल के 20 के करीब स्टेशनों का विकास चल रहा है, यहां भी यात्रियों को परेशान होते रहना पड़ा है। अभी भी इन स्टेशनों का काम पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में आनेवाले नये साल में भी यात्रियों को इन समस्याओं से कुछ समय के लिए जूझना पड़ सकता है।

इस साल यात्री सुविधा बढ़ाने के लिए नागपुर से नागपुर-सिकंदराबाद के लिए नई वंदे भारत एक्सप्रेस को सितंबर महीने में शुरू किया गया है, जो कि यात्री सुविधा बढ़ाने के लिए अहम साबित हो रही है। इसके अलावा कई जगहों पर ऑटोमेटिक सिग्नलिंग यंत्रना का काम पूरा होने से ट्रेनों की रफ्तार भी बढ़ाई गई है। 130 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से ट्रेनें दौड़ने लगी हैं। इसके अलावा दपूम रेलवे नागपुर मंडल का सुभाष चंद्र बोस ( इतवारी) स्टेशन का कायाकल्प पूरा हो गया है, जिससे इसी साल से इस स्टेशन पर यात्रियों को अत्याधुनिक सुविधा मिलने लगी है। नागपुर स्टेशन पर आए दिन आपराधिक गतिविधियां होती रहती हैं, लेकिन इस साल एक ऐसी घटना हुई, जो आज तक नहीं हुई थी। यह घटना अक्टूबर से नवंबर महीने के बीच में हुई है। जब रात को प्लेटफार्म पर ट्रेन के इंतजार में यात्री आराम कर रहे थे, उस वक्त एक सनकी ने यहां आकर भारी लकड़ी के स्लीपर से उनके सिर पर वार किया था। इसमें 4 यात्री घायल हुए थे, वहीं 2 की मौत हुई थी।

## नये साल का स्वागत करने के लिए नागपुर है तैयार

**नागपुर.**



साल का अंत करीब आते ही नागपुर शहर नए साल के स्वागत के लिए भव्य तैयारियों में जुट गया है। शहर में डीजे की शानदार पार्टियों से लेकर आतिशबाजी के धमाकेदार प्रदर्शन तक, हर जगह जश्न का माहौल है। आयोजक और शहरवासी नए साल का स्वागत अविस्मरणीय बनाने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। इस साल नए साल के जश्न के लिए थीम आधारित पार्टियां, स्वादिष्ट खाने-पीने के स्टॉल, और खूबसूरत सजावट तैयार की गई है। परिवार और दोस्तों के साथ रिसॉर्ट या फार्महाउस में जश्न मनाने का ट्रेंड इस बार खासा लोकप्रिय है। नागपुर की समीक्षा जोशी ने बताया, "हमने अपने दोस्तों के साथ एक वन रिसॉर्ट में पार्टी की योजना बनाई है। यह लोगों को गोपनीयता के साथ मस्ती करने का मौका देता है।" नागपुर में इन पार्टियों की लागत 5,000 रुपये से लेकर 10,000 रुपये प्रति व्यक्ति तक हो सकती है। शहर के पब, होटल और रिसॉर्ट्स ने अपने बजट के अनुसार अलग-अलग पैकेज तैयार किए हैं। कई स्थानों पर प्रवेश शुल्क 3,000 रुपये से शुरू होकर 15,000 रुपये तक जा सकता है। वहीं, वर्धा रोड पर एक प्रमुख पार्टी स्थल 8-10 लोगों के लिए वीआईपी टेबल बुकिंग के लिए 1.2 लाख रुपये तक चार्ज कर रहा है। इस बार 'अर्ली बर्ड' छूट का चलन भी तेजी से बढ़ा है, जिसमें अग्रिम बुकिंग करने वालों को कम दरों का लाभ दिया जा रहा है। हालांकि, अंतिम समय में बुकिंग की कीमतें काफी बढ़ने की संभावना है। राज्य सरकार ने इस बार शराब और बीयर की दुकानों के समय में छूट दी है। अब ये दुकानें रात 1 बजे तक खुली रहेंगी, जबकि बार और पब सुबह 5 बजे तक संचालित हो सकेंगे। इसके साथ ही, आबकारी विभाग ने अवैध शराब की बिक्री पर लगाम लगाने के लिए विशेष गश्ती टीमों की तैनाती की है। आबकारी विभाग के एक अधिकारी ने बताया, "हमने नए साल की पार्टियों के लिए 28 परमिट अब तक जारी किए हैं। नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे अनधिकृत विक्रेताओं से शराब न खरीदें, क्योंकि यह नकली और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है।" पार्टी आयोजक सोशल मीडिया के जरिए अपनी पार्टियों का प्रचार कर रहे हैं। वहीं, नागरिक भी नए साल के स्वागत के लिए परफेक्ट पार्टी स्थल ढूंढने में व्यस्त हैं। इस बीच, पुलिस और प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं कि सभी का जश्न सुरक्षित और परेशानी मुक्त रहे। इस बार नागपुर में नए साल का जश्न न केवल भव्य होगा, बल्कि यह सुरक्षा और व्यवस्था के मामले में भी मिसाल पेश करेगा।

## शहर में 3 हजार पुलिस जवान तैनात

### > शराब पीकर हंगामा किया तो हवालात में गुजरेगी रात



**नागपुर.** शहर में थर्टी फर्स्ट और नव वर्ष के आगाज के मद्देनजर 3 हजार पुलिस जवानों को बंदोबस्त में लगाया गया है। नव वर्ष के नाम पर सड़क पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों की जांच पुलिस ब्रीथ एनालाइजर से करेगी। शराब पीकर वाहन तेज गति से चलाते और हुड़दंग करते मिले तो थर्टी फर्स्ट की रात पुलिस हवालात में गुजारनी पड़ेगी।

पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र कुमार सिंगल ने पत्र परिषद में बताया कि सोमवार से शहर में नाकाबंदी शुरू कर दी गई है। बंदोबस्त में 3 हजार पुलिस जवानों को तैनात किया गया है। वाहनों की जांच शुरू कर दी गई है। शहर में कई जगह युवा नशे में हुड़दंग करते हुए नववर्ष मनाते हैं, जिससे दुर्घटनाएं, आपसी विवाद, हमले सहित अन्य आपराधिक घटनाएं होती हैं। ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस का तगड़ा बंदोबस्त लगाया गया है। प्रत्येक वाहन चालक की 'ब्रीथ एनलाइजर' मशीन से जांच की जाएगी। स्टंटबाजों पर विशेष नजर रहेगी।

पुलिस आयुक्त ने गांधीबाग में दो भाइयों की हत्या के मामले को लेकर किए गए सवाल पर कहा कि पुलिस हत्या जैसी वारदातों को लेकर गंभीर है। घटना किसी हिस्ट्रीशीटर को लेकर नहीं हुई है। वह आपस के लोग हैं, जो एक दूसरे को जानते थे। पैसे के लेन-देन को लेकर विवाद बढ़ने पर घटना हो गई।

शहर में आने वाले मार्ग पर 'बेरिकेड्स ' लगाकर नाकाबंदी की गई है। पुलिस की अनुमति के बिना कार्यक्रम का आयोजन करने वालों पर गाज गिरेगी। होटल, बार और अन्य नियमों का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। डीजे बजाने पर पाबंदी है। होटलों में सीसीटीवी फुटेज का इंतजाम करके रखना जरूरी है। इस वर्ष नववर्ष में दुर्घटना मुक्त और अपराध मुक्त शहर की संकल्पना को साकार करने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से प्रयास किया जाएगा।

## आज से रेलवे की नई समय सारिणी

### > रफ्तार बढ़ने से ट्रेनों के टाइम में मामूली बदलाव

**नागपुर.** प्रति वर्ष की भांति विभिन्न सेक्शनों में आधारभूत संरचना को और अधिक विकसित करते हुए इस वर्ष भी भारतीय रेलवे की समय सारिणी में 1 जनवरी, 2025 से आंशिक परिवर्तन किया गया हैं। गाड़ियों के परिचालन में प्रस्थान से आगमन तक के समय में गति बढ़ाते हुए कई घंटे की परिचालन समय की बचत के लिए समय सारिणी में परिवर्तन किया जाता है। इन आवश्यक कार्यों को निरंतर करते रहने से विभिन्न सेक्शनों में मेल एक्सप्रेस गाड़ियो में 10 मिनट से लेकर 55 मिनट तक एवं पैसेंजर गाड़ियों में 05 मिनट से लेकर 20 मिनट तक के परिचालन समय में (प्रस्थान स्टेशन से आगमन) बचत होगी ।

क्षिण पूर्व मध्य रेलवे में भी 1 जनवरी से लागू होने वाली नई रेलवे समय-सारिणी में इस मार्ग से चलने वाली एवं होकर गुजरने अप एवं डाउन दिशा की 131 स्टेशनों में गाड़ियों के परिचालन समय में बदलाव किया गया है। अन्य स्टेशनों में समय सारिणी यथावत रहेगी। इस रेलवे में 45 पैसेंजर, 81 मेमू एवं 20 डेमू सहित 146 ट्रेनें नियमित नंबर से चलाईं जाएंगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चल रही 14624/14623 फिरोजपुर-सिवनी-फिरोजपुर पातालकोट एक्सप्रेस को 1 मार्च से सुपरफास्ट बनाया जा रहा है और इस गाड़ी के ट्रेन नंबरों एवं समय सारिणी में परिवर्तन किया जा रहा है। इसमें रीवा-इतवारी-रीवा एक्सप्रेस भी शामिल रहेगी। वहीं नागपुर स्टेशन से होकर जाने वाली कई गाड़ियां शामिल हैं।

## न्यू ईयर पर एमडी ड्रग्स सप्लाई की थी तैयारी

### > राजस्थान से एमडी लेकर आये आरोपी हिरासत में

**नागपुर.**



शहर के बार, रेस्टोरेंट, पब, क्लब सहित कई होटलों में निजी पार्टी का आयोजन होने के दौरान वहां बड़ी संख्या में युवा शामिल होते हैं। पार्टी में बेखौफ मादक पदार्थों का भी सेवन होता है। थर्टी फर्स्ट की पार्टी के लिए राजस्थान से एमडी की बड़ी खेप लाने की भनक लगने पर क्राइम ब्रांच की सामाजिक सुरक्षा दस्ते ने आरोपियों को माल सहित धर-दबोचा। गुप्त सूचना के आधार पर दस्ते ने करीब 55 लाख रुपए की एमडी ड्रग्स व डस्टर कार सहित 66.21 लाख रुपए का माल जब्त किया है। लाखों रुपए की एमडी के साथ 'माया गैंग' का मुखिया सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस आयुक्त डॉ. रवींद्र कुमार सिंगल ने पत्र परिषद में बताया कि राजस्थान से मध्यप्रदेश होते हुए नागपुर में एमडी की खेप आ रही है, यह खबर मिलने पर कोराडी थानांर्तगत कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों से 55 लाख 40 हजार रुपए की 554 ग्राम एमडी, 5 मोबाइल फोन, डस्टर कार क्रमांक एम एच 12 आर के- 5537 सहित करीब 66 लाख 21 हजार रुपए का माल जब्त किया गया है। पुलिस विभाग के सामाजिक सुरक्षा दस्ते ने एमडी तस्करी में लिप्त आरोपी सुमित चिंत्तलवार (35) अजनी, पवन उर्फ मिश्रा (39) मानेवाड़ा, पलाश दिवेकर (21) अजनी, शेख अतिक फरीद शेख उर्फ भुरू (25) बेसा और मनीष कुशवाह (45) हुडकेश्वर निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। यह एमडी तस्करी में लिप्त बताए जा रहे हैं।

आरोपी पवन के खिलाफ हत्या, हत्या के प्रयास और धोखाधड़ी के मामले दर्ज हैं। आरोपी सुमित चिंतलवार 'माया गैंग' का मुखिया है। इस पर भी हत्या, हत्या के प्रयास, मकोका, फायरिंग करने, पिस्तौल का उपयोग करने सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। मनीष के खिलाफ भी हत्या का मामला दर्ज है। यह अपराधियों की बड़ी गैंग है। आरोपी पवन, पलाश और सुमित एमडी तस्करी में लिप्त हैं। यह तीनों मादक पदार्थ (एमडी ड्रग्ज) की खेप लाने के लिए राजस्थान गए थे और वहां से एमडी की खेप राजस्थान से कार में मध्यप्रदेश के रास्ते नागपुर लेकर आ रहे थे। गुप्त सूचना मिलने पर अपराध शाखा पुलिस विभाग के सामाजिक सुरक्षा दस्ते ने कोराडी तालाब परिसर में जाल बिछाकर आरोपी पवन, पलाश और सुमित को धर-दबोचा। जांच में पता चला कि 'थर्टी फर्स्ट' के लिए एमडी पावडर खरीद कर वे नागपुर ला रहे थे। पवन, पलाश और सुमित की निशानदेही पर आरोपी शेख अतिक उर्फ भुरू और मनीष को भी गिरफ्तार किया गया। राजस्थान के मादक पदार्थ विक्रेता अजय सिसोदिया की गिरफ्तारी के लिए जल्द ही एक पुलिस दस्ते को राजस्थान रवाना किया जाएगा।

नागपुर में भुरु के अलावा और कितने एमडी तस्करी में लिप्त आरोपी हैं, इसकी गहन जांच के आदेश दिए गए हैं। यह गिरोह, कितने लोगों के माध्यम से और कहां पर एमडी पावडर की बिक्री करते थे। इसका पता पुलिस लगा रही है। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गजानन गुल्हाने, अश्विन मांगे, रोहित काले, समीर शेख, कुणाल मसराम, पवन गजभिये, विजय यादव, अरविंद गेडेकर, सुभाष गजभिये, राहुल पाटील, अनूप यादव ने उक्त कार्रवाई की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अतिक उर्फ भुरू की चिकन- मटन की दुकान थी। अतिक्रमण में उसकी दुकान चली जाने के कारण वह मादक पदार्थ की तस्करों के संपर्क में आ गया। करीब 6 माह पहले उसने मादक पदार्थ विक्री की शुरूआत की। उसने राजस्थान के मादक पदार्थ तस्करी में लिप्त आरोपी से संपर्क बनाया। राजस्थान का एमडी तस्कर उसे लाखों रुपए की एमडी उधार में दिया करता था। भुरु के संपर्क में नागपुर के कई महाविद्यालय के युवक और युवतियां हैं, जो एमडी की लत की आदी हो चुकी हैं। नववर्ष के स्वागत और वर्षांत के अंतिम क्षण को अलविदा कहने के लिए शहर में पार्टियों का आयोजन होता है। यह अवसर देकर पार्टियों में एमडी तस्कर युवाओं को लत लगाने के लिए इतनी बड़ी मात्रा में एमडी खरीदी की थी। इसके लिए भुरु के पास पर्याप्त रकम नहीं होने के कारण मनीष ने उसको आर्थिक सहयोग किया था। सुमित और पवन आपराधिक छवि के होने के कारण एमडी को शहर में लाने की जिम्मेदारी ली थी। सुमित, पवन और पलाश राजस्थान से कार में माल लेकर रवाना हुए थे। भुरु के कहने पर ही इन तीनों को राजस्थान से अजय सिसोदिया ने एमडी की खेप दी थी।

शहर में एमडी विक्रेताओं में गणेशपेठ, हसनबाग, महल सहित कई क्षेत्र में सोहेल, मच्छी, सोनू, पवार, प्रवीण, कुणाल, आलू, गंगा, रोहन, रवि, जमाल, सोहेल, कबाडी, बाबा, सलमान, आबिद, तौसिफ सहित कई ऐसे नाम चर्चा में हैं, जो एमडी बिक्री में गहराई तक जुड़े हैं। यह सभी रात में अपने शिकार को ढूंढने के साथ ही दिन में स्कूल और कॉलेज के आस- पास घूमते नजर आते हैं।






CMYK

# नववर्ष पर महावितरण की ग्राहकों को सौगात

> 'गो ग्रीन' सेवा अपनाएं और बिजली बिल में 120 रुपये की छूट पाएं

**नागपुर.**

महावितरण ने नववर्ष के अवसर पर अपने ग्राहकों को तोहफा देते हुए 'गो ग्रीन' सेवा अपनाने पर बिजली बिल में एकमुश्त 120 रुपये की छूट देने की घोषणा की है। महावितरण द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में 'कागज बचाओ, पर्यावरण बचाओ' के तहत 'गो ग्रीन' सेवा चलाई जा रही है। अब तक इस सेवा के तहत ग्राहकों को मासिक बिजली बिल में 10 रुपये की छूट दी जाती थी। लेकिन अब इस योजना में संशोधन करते हुए 'गो ग्रीन' सेवा अपनाने वाले ग्राहकों को पहले ही महीने में 120 रुपये की एकमुश्त छूट मिलेगी। 'गो ग्रीन' सेवा का विकल्प चुनने वाले ग्राहकों को कागजी बिल के बजाय ई-मेल के जरिए बिजली बिल भेजा जाएगा। इसके अलावा, सेवा जारी रखने पर उन्हें हर महीने 10 रुपये की छूट दी जाएगी। महावितरण ने यह महत्वपूर्ण निर्णय अपने 3 करोड़ उपभोक्ताओं में से अधिक से अधिक ग्राहकों को इस योजना से जोड़ने के लिए लिया है। वर्तमान में केवल 4.62 लाख (1.15%) ग्राहकों ने इस सेवा का विकल्प चुना है। इस संख्या को बढ़ाने के उद्देश्य से महावितरण ने यह नई सुविधा शुरू की है। सभी पंजीकृत ग्राहकों को महावितरण की ओर से एसएमएस के जरिए 'गो ग्रीन' सेवा अपनाने का विकल्प भेजा जाएगा। एक बार सेवा के लिए पंजीकरण करने के बाद ग्राहक को अगले 12 महीनों के लिए 120 रुपये की एकमुश्त छूट और ई-मेल पर मासिक बिजली बिल प्राप्त होता रहेगा।



महावितरण ने ग्राहकों से इस योजना का लाभ उठाने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का आग्रह किया है। इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए ग्राहक महावितरण की वेबसाइट www.mahadiscom.in पर जाकर 'गो ग्रीन' का विकल्प चुन सकते हैं।

## कड़ी मेहनत, योग्य मार्गदर्शन से प्रिया भूटानी का सपना हुआ साकार



**कामठी.** कठोर परिश्रम या कड़ी मेहनत मनुष्य का असली धन होता है. बिना कठिन परिश्रम के सफलता पाना असंभव है. इस दुनिया में जो व्यक्ति कठिन परिश्रम करता है, सफलता उसी के कदम चूमती है. कड़ी मेहनत करने वाले लोग मिट्टी को भी सोना बना देते हैं. यह बात छावनी क्षेत्र गोकुलधाम रहवासी मोंटू भूटानी की बेटी प्रिया भूटानी ने सार्थक कर दिखाई है. प्रिया भूटानी ने कड़ी मेहनत और योग्य मार्गदर्शन पाकर आज सीए बन अपना और अपने परिवार का सपना साकार कर दिया है.

प्रिया भूटानी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवार के अन्य सदस्यों सहित गुरुजनों को दिया है. ज्ञात हो कि 22 वर्षीया प्रिया भूटानी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है. सीए फाइनल में अच्छे गुणांक प्राप्त कर पहले अटेम्प्ट में पास की है. बेटी सीए बन जाने के बाद घर में खुशी का माहौल है. सगे-संबंधी बधाई दे रहे हैं.

## सावित्रीमाई फुले जयंती समारोह का आयोजन

**नागपुर.**

क्षत्रिय कोसले माली समाज (विदर्भ), नागपुर की ओर से रविवार, 5 जनवरी 2025 को क्रांतिज्योति सावित्रीमाई फुले की जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे दिघोरी नाका, उमरेड रोड, साईंनगर, नागपुर में संपन्न होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में किशोर कन्हेरे (पूर्व ट्रस्टी, ना.सु.प्र.) उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन का दायित्व संध्या गुरनुले (पूर्व अध्यक्ष, जिला परिषद, चंद्रपुर) निभाएंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य नामदेव जेंगठे (ओबीसी विचारक, ब्रह्मपुरी) करेंगे। प्रमुख उपस्थिति में अविनाशभाऊ ठाकरे, नामदेव कोकोड़े, गोविंदराव वैराले, मधुसूदन देशमुख, और दशरथ आदे रहेंगे। इस आयोजन में प्रसिद्ध कवयित्री और युवा वक्ता कुमारी प्रतिभा विठ्ठलराव गुरुनुले (सामाजिक विचारक, यवतमाल) भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगी। कार्यक्रम के दौरान समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सार्वजनिक अभिनंदन किया जाएगा।



इसमें प्रगतिशील किसान, युवा उद्यमी, व्यवसायी, और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें कुमारी सखिला मुखरू गुरनुले द्वारा "मी सावित्री बोलते" नाटक, आकाश महाडोले की मिमिक्री, और कुमारी हर्षदा रामदास वसाके का शास्त्रीय कथक नृत्य (राष्ट्रीय नृत्य चैम्पियनशिप 2022 की विजेता) प्रमुख आकर्षण रहेंगे।

कोसले माली संगठन ने समाज के सभी बंधुओं से इस कार्यक्रम में शामिल होकर सामाजिक कार्यों में योगदान देने की अपील की है। यह आयोजन समाज में एकता, प्रगति और सांस्कृतिक धरोहर को प्रोत्साहित करने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

## नगर परिषद खापा ने कबड्डी में मारी बाजी

**खापा.**

नगर विकास विभाग नागपुर, महाराष्ट्र शासन द्वारा नगर परिषद काटोल में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं में नगर परिषद खापा ने शानदार प्रदर्शन किया। नागपुर जिले की कुल 28 नगर परिषद टीमों ने इस आयोजन में हिस्सा लिया, जिसमें क्रिकेट, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो-खो, टेबल टेनिस, तैराकी, लंबी कूद और दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहे।

कार्यक्रम का उद्घाटन नागपुर विभागीय सहआयुक्त संघमित्रा ढोके ने किया, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में विनोद जाधव ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस आयोजन की योजना नगर परिषद काटोल के मुख्याधिकारी धनंजय बोरिकर ने बनाई थी। नगर




### वॉलीबॉल में बनी उपविजेता

परिषद खापा की मुख्याधिकारी किरण बगड़े ने भी इस आयोजन में विशेष भूमिका निभाई। कबड्डी के रोमांचक फाइनल में नगर परिषद खापा ने नगर परिषद काटोल को हराकर पहला स्थान हासिल किया। वहीं, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में खापा टीम उपविजेता रही।

खापा टीम की इस जीत में खिलाड़ियों और कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। इनमें शामराव खडसे, प्रवीण मेश्राम, सुनील हेडाऊ, अनिकेत शिंदे, वैभव गोले, गिरीश मोरे, ज्ञानेश्वर सोनवणे, रोहित राठोड़, कालिदास काशीकर, अभिषेक पोतले, गणेश लोहार, निखिलेश वाडेकर, अनिल कोंडे और अन्य कर्मचारियों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। नगर परिषद खापा के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर नगरवासियों ने टीम की सराहना की और इसे खापा के लिए गर्व का क्षण बताया।

## संत बालाजी महाराज पुण्यतिथि शताब्दी महोत्सव का आयोजन



**खापा.** खापा तहसील सावनेर के ग्राम खर्डुका समिपस्थ मध्यप्रदेश सीमा पर स्थीत क्षेत्र रामनगर, खापा (पादरी) तहसील सौंसर (मध्यप्रदेश) के महाबाहो संत दामोदरदास महारज संस्थापित परमहंस संत बालाजी महाराज समाधी मंदिर में दिनांक 31 दिसंबर से 6 जनवरी 2025 तक बालाजी महाराज के शताब्दी संजीवनी समाधी पुण्यतिथी समारोह सप्ताह का आयोजन किया गया है. ग्यात हो कि उक्त मंदिर में उस दौरान सन 1967 तक वंदनीय राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज गोपालकाला कार्यक्रम में हर वर्ष उपस्थीत रहे है. महाराष्ट्र व मध्यप्रदेश की सीमा के निर्सगरम्य कन्हान नदी के तट पर स्थापीत उक्त मंदिर को राममंदिर नाम से भी जाना जाता है. उत्सव समिती के सदस्य सर्वश्री उमेश धमदर, मनोज मंथनवार, सुरेन्द्र फेथफुलवार, दशरथ खेकडे महाराज, सुशील धमदर, रविन्द्र बेलेकर द्वारा बताया गया कि, इन दिनों विविध भक्तिमय कार्यक्रमों के साथ-साथ सामुदायिक ध्यान, प्रार्थना, ग्रामगीता पारायण,ज्ञानेश्वरी पारायण, हरि पाठ, भजन व किर्तन आदि का आयोजन रखा गया है. गोपाल काला व महाप्रसाद सोमवार दि. 6 जनवरी को आयोजीत है. इस कार्यक्रम लाभ लेने की अपील आयोजको द्वारा की गई है. कार्यक्रम के सफलार्थ ज्ञानेश्वर महाराज बनसिंगे, दशरथ महाराज खेकडे, दुर्गेश सनेसर, व रामनगर खापा तथा खर्डुका के ग्रामस्थ प्रयासरत है.

## उमरेड के स्केटर्स कृतिका, हेमल और कोच रविंद्र का उपविभागीय अधिकारी ने किया सम्मान

**उमरेड.**

हाल ही में थाईलैंड में आयोजित एंड्यूरेंस वर्ल्ड इंटरनेशनल चैंपियनशिप 2024 में देश के लिए 6 पदक (4 रजत और 2 कांस्य) जीतने वाले उमरेड के स्केटर्स कृतिका हर्षल चाचरकर, हेमल प्रमोद जलित और उनके कोच रविंद्र रा. मिसाल का उमरेड के उपविभागीय अधिकारी (एसडीओ) विद्यासागर चव्हाण ने सम्मानित किया।

इस सम्मान समारोह का आयोजन उमरेड तहसील कार्यालय में किया गया, जहां तीनों को उपविभागीय अधिकारी महोदय ने विशेष रूप से सम्मानित किया। उन्होंने स्केटर्स और कोच को बुके, शाल, श्रीफल और विशेष भेंटवस्तु देकर सम्मान प्रकट किया। उपविभागीय अधिकारी विद्यासागर चव्हाण ने इस



मौके पर कहा, "कृतिका, हेमल और कोच रविंद्र ने उमरेड को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। उनकी इस उपलब्धि ने न केवल उमरेड बल्कि पूरे देश का गौरव बढ़ाया है।" इस अवसर पर अधिकारी महोदय ने तीनों से उनके अनुभवों के बारे में विस्तृत चर्चा की और भविष्य में बेहतर प्रदर्शन तथा स्केटिंग के विकास के लिए आवश्यक पहलुओं पर चर्चा की। कार्यक्रम में उमरेड के तहसीलदार मनोहर चव्हाण, भिवापुर के तहसीलदार कल्याणकुमार डहाट, कूही के तहसीलदार अरविंद हिंगे और नायब तहसीलदार प्रदीप वरपे भी उपस्थित रहे। रवींद्र रा. मिसाल, जो उमरेड स्केटिंग अकैडमी के हेड कोच हैं, को 2023 में मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय क्रीड़ा स्वर्णलक्ष पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को इस मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। यह सम्मान समारोह उमरेड के खेल इतिहास में एक सुनहरा अध्याय जोड़ता है और स्केटिंग जैसे खेल को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा।


## डीपीएस में 'उत्सव जन गण मन हारमोनाइजिंग हार्ट्स' संपन्न

**नागपुर.**

दिल्ली पब्लिक स्कूल लावा, नागपुर ने अपने भव्य वार्षिक उत्सव 'उत्सव 2024-25' का अनावरण किया. जिसका भावपूर्ण विषय था 'जन गण मन - हारमोनाइजिंग हार्ट्स।' यह आयोजन देशभक्ति और भव्यता से भरपूर था.







इस अवसर पर प्रसिद्ध अभिनेता पवन मल्होत्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. साथ ही सम्मानित अतिथियों में प्रसिद्ध कथक गुरु मदन पांडे और मिसेज इंडिया इंटरनेशनल डॉ. पूजा व्यास शामिल थीं. विद्यालय के प्रा.वी.सी. गौतम राजघरिया, सुश्री संजना राजघरिया और दूरदर्शी प्राचार्या डॉ. अनुपमा सगदेव ने इस आयोजन की गरिमा बढ़ाई. उत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन समारोह के साथ हुआ, जो ज्ञान और प्रकाश का प्रतीक है. इसके बाद प्राचार्या का प्रेरक वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया. पवन मल्होत्रा ने 'नेशन फर्स्ट, ऑलवेज फर्स्ट' और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर अपने प्रेरणादायक विचार साझा किए, जो सभी के दिलों को छू गए.

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रवींद्रनाथ टैगोर के 'मॉर्निंग सॉन्ग ऑफ इंडिया' की पांच बंदों को प्रभावशाली नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शाया. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ. यह आयोजन भारत की एकता और सांस्कृतिक धरोहर को काव्यात्मक श्रद्धांजलि थी.

प्राचार्या डॉ. अनुपमा सगदेव के नेतृत्व में, जिनका समर्थन अनुभवी शिक्षकों की एक टीम करती है, विद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता और समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए शिक्षण सुधारों के क्षेत्र में अग्रणी है. विद्यालय ने नई शिक्षा नीति (एनईपी) के साथ अपने शैक्षणिक अभ्यासों को संरेखित किया है, ताकि छात्रों को नवीनतम शिक्षा पद्धतियों और प्रगति का लाभ मिल सके.

माता-पिता की भागीदारी को महत्व देते हुए, विद्यालय मजबूत साझेदारी को प्रोत्साहित करता है और छात्रों को करियर काउंसलिंग सत्रों के माध्यम से उनके भविष्य के लिए सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाता है.

## पेड़ों को बचाने कलेक्टरेट में प्रतीकात्मक चिपको आंदोलन

**नागपुर.**

जिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तावित 12 मंजिला 2 इमारतों के लिए कुल 42 पेड़ों की कटाई करने के विरोध में रविवार को नागपुरवासियों ने परिसर में प्रतीकात्मक 'चिपको' आंदोलन कर अपनी नाराजगी जताई। रविवार को चिपको आंदोलन न करते हुए सिर्फ परिसर में पेड़ों के इर्द-गिर्द खड़े होकर आंदोलनकारियों ने अपनी आपत्ति जताई। आंदोलनकारियों के हाथों में तख्तियां थीं।

जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में आंदोलन की अनुमति नहीं मिलने से परिसर के बाहर ही उन्होंने प्रतीकात्मक चिपको आंदोलन किया। आंदोलनकारियों ने कहा कि सोमवार को जिलाधिकारी डॉ. विपिन इटनकर



ने अपने आश्वासन अनुसार इस संबंध में बैठक आयोजित कर अगर ठोस निर्णय नहीं लेते हैं तो फिर 'चिपको' आंदोलन किया जाएगा। फिलहाल आंदोलनकारियों ने प्रशासन से इस ओर गंभीरता से ध्यान देकर ज्यादा से ज्यादा वृक्ष बचाकर शाश्वत विकास कैसे किया जा सकता है, इस दृष्टि से कदम उठाने का आवाहन किया। उद्यान विभाग द्वारा जारी की गई अधिसूचना में 42 पेड़ों की कटाई का उल्लेख किया गया है। इस पर 100 से अधिक पर्यावरणविद् और नागपुरवासियों ने अपनी आपत्ति जताई है। अगली सुनवाई की प्रक्रिया पूरी करने के पहले संबंधित ठेकेदार ने जिलाधिकारी कार्यालय के परसिर में साइट ऑफिस और निर्माणकार्य के लिए टीन शेड लगा दिए हैं। इसे लेकर संस्थाओं को संदेह है कि कहीं सुनवाई से पहले ही ठेकेदार कंपनी पेड़ की कटाई तो नहीं करेगी। ऐसे में ग्रीन नागपुर संस्था की अध्यक्ष अनसुया छाबरानी सहित विविध संस्थाओं ने रविवार को जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में चिपको आंदोलन की जिला प्रशासन व पुलिस से अनुमति मांगी थी। प्रशासन और पुलिस दोनों ने इसकी अनुमति नहीं दी। जिलाधिकारी डॉ. इटनकर ने उन्हें सोमवार को इस संबंध में बैठक लेने का आश्वासन दिया था, किन्तु आंदोलनकारी आंदोलन पर अड़िग थे। सूचना के आधार पर रविवार को सभी एक्टिविस्ट जिलाधिकारी कार्यालय के सामने जुटे। उन्होंने फुटपाथ के एक कोने में खड़े होकर प्रतीकात्मक चिपको आंदोलन किया। आंदोलन में बच्चों ने भी बड़े पैमाने पर हिस्सा लिया। इस अवसर पर अनुसया छाबरानी, शरद पालीवाल, प्रीति पटेल, कुणाल मोरिया, जयदीप दास, आशा डागा, सचिन खोब्रागडे, यश नेटके, प्राची माहुरकर आदि उपस्थित थे।

## एआईएमईएम ने दिया पुलिस आयुक्त को ज्ञापन

**नागपुर.**

आज ऑल इंडिया मजलिस ऐ इत्तेहादुल मुस्लेमीन के महाराष्ट्र अध्यक्ष इम्तियाज जलील साहब की अध्यक्षता में और नागपुर शहर अध्यक्ष मोहम्मद आदिल खान वाहतुक व कामगार विभाग के नेतृत्व में नागपुर के माननीय पुलिस कमिश्नर रविंदर सिंगल साहब को शहर में ड्रंक एड ड्राइव कि चेकिंग को तीव्र कर के शहर में शराब पी कर उपद्रव करने वाले वाहन चालकों पर अंकुश लगा कर शहर की जनता को दुर्घटना सुरक्षित



रखने के लिए निवेदन दिया गया निवेदन देने के लिए वाहतुक विभाग के नागपुर शहर महासचिव इरफान खान, फाउंडर मेंबर जहांगीर अश्फर, शेख रफीक दीवान, इरशाद अहमद, अब्दुल लतीफ आदि उपस्थित थे.

## कैंसर जागरूकता पर आरटीएचसीएच का शैक्षिक कार्यक्रम संपन्न

**नागपुर.**

राष्ट्रसंत तुकडोजी कैंसर अस्पताल और अनुसंधान केंद्र (आरटीएचसीएच) द्वारा 28 दिसंबर, 2024 को कैंसर पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक शैक्षिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में श्री आयुर्वेदिक महाविद्यालय और तनिश महाविद्यालय के बीएएमएस छात्रों ने भाग लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत तुकडोजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद आरटीएचसीएच के अतिरिक्त निदेशक डॉ. विकास धानोरकर ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर अस्पताल के प्रमुख ऑन्कोलॉजिस्टों ने कैंसर के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किए। सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. हरीश केला ने स्तन कैंसर के निदान पर, डॉ. अनिरुद्ध वाघ ने ओरल कैंसर के कारण और निदान पर, डॉ. माधुरी गवांडे ने गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के लक्षण और निदान पर व्याख्यान दिए। रेडियोथेरेपी की भूमिका पर डॉ. प्रशांत ढोके ने, कीमोथेरेपी की भूमिका पर डॉ. करतार सिंघ ने और कैंसर डेटा प्रस्तुति पर डॉ. रेवू शिवकला ने महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन आरटीएचसीएच के मानद सलाहकार डॉ. बी. के. शर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. रश्मी राउत, डॉ. ज्ञानदा येरलेकर, डॉ. नीरज बेले,आयुर्वेदिक महाविद्यालय के डॉ. गोविंद तोंडलकर, डॉ. ठोकल, डॉ. जय छंगाणी, तनिश महाविद्यालय की प्रिया, आरएसटीसीएच की सिस्टर माया धोबले और कैंसर रजिस्ट्री के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



## केंद्रीय वस्त्रोद्योग मंत्री से विधायक चरण सिंह ठाकुर ने की मुलाकात

**कोंढाली/काटोल.** केंद्रीय (वस्त्रोद्योग मंत्री)कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह से काटोल विधानसभा के विधायक चरण सिंह ठाकुर द्वारा मुलाकात कर काटोल विधानसभा क्षेत्र में मंजूर सी सी आय के कपास खरेदी केंद्र सुरू कराने के मांग का ज्ञापण सौंपा . इस अवसरपर पर नागपुर जिला भाजपा अध्यक्ष सुधाकर कोहले कृषि उपज बाजार समिति, काटोल के संचालक दिनेश ठाकरे के उपस्थित में केंद्रीय कपडा मंत्री से मिल कर उनसे कपास उत्पादक कृषकों की व्यापारियों से वित्तीय लूट से बचने और उचित मूल्य पाने के लिए गारंटीकृत मूल्य के सी सी आय कपास खरीद केंद्र प्रारंभ करने का अनुरोध किया। साथ ही काटोल विधानसभा में 500 एकड़ का औद्योगिक क्षेत्र है.

## बूटीबोरी हादसा, अब तक किसी पर कार्रवाई नहीं, एनएचएआई की भूमिका पर सवाल

**नागपुर.**

बुटीबोरी फ्लाई ओवर हादसे को लेकर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) नागपुर की भूमिका भ्रम फैला रही है। हादसे की जिम्मेदारी अब तक तय नहीं हो सकी है। एनएचएआई की तरफ से अभी तक अधिकारी या ठेका कंपनी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इतने बड़े हादसे के बाद भी एनएचएआई कार्रवाई के लिए किसकी मंजूरी का इंतजार कर रही है, यह सवाल बना हुआ है। नागपुर जिले का यह सबसे व्यस्त हाई-वे है । पिछले 5 दिनों से फ्लाई ओवर बंद होने से वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं।

हादसे को लेकर एनएचएआई का रटा-रटाया जवाब है कि भारी भरकम वाहन के गुजरने से कैंटीलीवर कनेक्शन



ब्रेक हुआ है, जबकि बात केवल इतनी सी नहीं है। स्पैन का ढांचा नीचे आ गया है। जिस कंपनी ने इस फ्लाई ओवर को बनाया, उसने 50 साल मजबूती की गारंटी दी थी, जबकि फ्लाई ओवर के बने अभी तीन साल ही हुए हैं। एनएचएआई की भूमिका जानकर भी अनजान बनने जैसी लग रही है।

> 50 साल की थी गारंटी, 3 साल में ही गड़बड़ी

### भारी भरकम वाहन का वजन चेक करने की व्यवस्था नहीं

10 एक्सल, 13 एक्सल या इससे ज्यादा एक्सल वाले लोडेड वाहन का वजन चेक करने की देश में व्यवस्था नहीं होने का खुलासा हुआ है। अनुमति कम की और ओवरलोड वाहन इसी तरह गुजरते है और हादसा होने के बाद सच्चाई सामने आती है। परिवहन मंत्रालय व एनएचएआई को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। इतने बड़े हादसे के बाद भी केंद्रीय परिवहन मंत्रालय या एनएचएआई की दिल्ली से कोई एक्सपर्ट टीम मुआयना करने अभी तक नागपुर नहीं पहुंची है।

भारी भरकम वाहन को वर्धा जिले के दारोडा में रोका गया है, जबकि 'यह' वाहन कंपनी के टोल नाके से गुजरा कैसे और भारी भरकम वाहन गुजरते समय इसके वजन की कोई जांच नहीं हुई।केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय से 135 टन की अनुमति मिली थी, जबकि जांचने पर इसका वजन 187 टन निकला। यह जिले का सबसे व्यस्त फ्लाई ओवर है और पिछले 5 दिन से फ्लाई ओवर से यातायात बंद किया गया है। वीएनआईटी की रिपोर्ट आने के बाद यातायात शुरू करने की सफाई एनएचएआई की तरफ से दी जा रही है।

## कल्याणी सरोदे स्वर्ण भारत सम्मान से सम्मानित

**कन्हान.**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध मेकअप आर्टिस्ट और समर्पित सामाजिक कार्यकर्ता प्रसिद्ध सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट कल्याणी सरोदे ने अपने सफल करियर में एक और मील का पत्थर स्थापित किया है.

उन्हें कल्याण, महाराष्ट्र में इंडिया प्राउड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा स्वर्ण भारत सम्मान से सम्मानित किया गया. यह सम्मान सौंदर्य और सामाजिक कार्यों के क्षेत्र में उनके अद्वितीय योगदान के लिए है. नागपुर जिले के कांद्री-कन्हान में जन्मी मेकअप आर्टिस्ट और सामाजिक कार्यकर्ता कल्याणी सरोदे ने मेकअप क्षेत्र में अपना नाम बनाया है और अपने कौशल के कारण कई मशहूर हस्तियों के साथ काम कर रही हैं. साथ ही उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली है. फिलहाल उनके नाम 25 राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार हैं. जिसमें प्रतिष्ठित सोनू सूद इंटरनेशनल अवॉर्ड भी शामिल है.




कल्याणी सरोदे ने अपने कलात्मक क्षेत्र के अलावा समाज सेवा में भी उल्लेखनीय योगदान दिया है. उन्होंने अनाथालयों और बुजुर्ग आश्रमों में अनगिनत लोगों के जीवन को उज्ज्वल किया है. उनकी सामाजिक गतिविधियों ने न केवल जरूरतमंदों की मदद की है, बल्कि उन्हें आत्म-सम्मान और उनके जीवन में आशा की किरण भी दी है. उनके उत्कृष्ट कार्य को मान्यता देते हुए उनका नाम इंडिया प्राउड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है और उनके काम की सराहना की गई है. यह सम्मान उनकी प्रगतिशीलता और कड़ी मेहनत से साकार हुआ. कल्याणी सरोदे को नागपुर जिले के सभी क्षेत्रों से सराहना की जा रही है और बधाइयां मिल रही हैं.

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 348-5 | 557-7 |
| श्रीदेवी नाईट | 113-5 | 127-0 |
| प्रभात | 580-3 | 357-5 |
| प्रभात नाईट | 679-2 | - |
| डायमंड | 280-0 | 570-2 |
| मेन बाजार | - | - |
| मिलन डे | 145-0 | 169-6 |
| मेन रतन | 124-7 | 123-6 |
| कल्याण | 379-9 | 257-4 |
| राजधानी डे | 770-4 | 569-0 |
| राजधानी नाईट | - | - |
| कुबेर डे | | |
| डायमंड नाईट | 289-9 | 357-5 |

# 1 जनवरी से लागू होगी रेलवे की नई समय सारणी

**गोंदिया.**



भारतीय रेलवे की समय सारणी में 1 जनवरी 2025 से आंशिक परिवर्तन किया जा रहा है। गाड़ीयों के परीचालन में प्रसाधन से आगमन तक के समय में गती बढ़ाते हुए कई घंटो की परिचालन समय की बचत के लिये समय सारणी में परिवर्तन किया जाता है। इन आवश्यक कार्यों को निरंतर करते रहने से विभिन्न सेक्शनों में मेल-एक्सप्रेस गाड़ीयों में 10 मिनट से लेकर 55 मिनट तक एवं पैसेंजर गाड़ीयों में 5 मिनट से लेकर 20 मिनट तक के परिचालन समय में बचत होंगी। इसीप्रकार दक्षिण पुर्व मध्य रेलवे में भी 1 जनवरी 2025 से लागु होनेवाली नई रेलवे समय सारणी में इस रेलवे से चलनेवाली एवं होकर गुजरनेवाली अप तथा डाऊन दिशा की 131 स्टेशनों में गाड़ीयों का परिचालन समय में परिवर्तन किया गया है। अन्य स्टेशनों में समय सारणी यथावत रहेंगी। इस रेलवे में 45 पैसेंजर, 81 मेमू एवं 20 डेमू सहित 146 गाड़ीयों को 1 जनवरी से नियमीत नंबर से चलाया जायेंगा। दक्षिण पुर्व मध्य रेलवे से चल रही गाड़ी संख्या 14624/14623 फिरोजपुर-सिवनी-फिरोजपुर पातालकोट एक्सप्रेस को 1 मार्च 2025 से सुपरफास्ट बनाया जा रहा है और गाड़ी के ट्रेन नंबरों में एवं समय सारणी में परिवर्तन किया जा रहा है। 1 मार्च 2025 से फिरोजपुर-सिवनी-फिरोजपुर पातालकोट एक्सप्रेस नये नंबर 20424/20423 नंबर के साथ सुपरफास्ट एक्सप्रेस बनकर चलेगी।

समय सारणी में किये जानेवाले परिवर्तन से गोंदिया रेलवे स्टेशन से चलनेवाली ट्रेनों के समय में भी परिवर्तन होंगा। गाडी संख्या 11039 कोल्हापुर-गोंदिया एक्सप्रेस जो वर्तमान में शाम 6 बजे गोंदिया पहुँचती है वह अब शाम 6.35 बजे आयेंगी। उसीप्रकार गाड़ी संख्या 11754 रिवा-इतवारी एक्सप्रेस सुबह 5.25 की बजाए सुबह 5.10 बजे गोंदिया स्टेशन पर पहुँचेगी।

गांडी संख्या 11755 इतवारी-रिवा एक्सप्रेस जो वर्तमान में शाम 5.45 बजे गोंदिया पहुँचती है अब वह शाम 6 बजे पहुँचेगी। गाड़ी संख्या 11070 गोंदिया-रायगड जन शताब्दी एक्सप्रेस 1 जनवरी से गोंदिया स्टेशन से दोपहर 2.40 की बजाए 2.30 बजे छुटेंगी।

उसीप्रकार गाड़ी संख्या 11069 रायगड़-गोंदिया जन शताब्दी एक्सप्रेस दोपहर 1.30 बजे की बजाए 1.40 बजे गोंदिया आयेंगी। गाड़ी संख्या 12106 गोंदिया-मुंबई विदर्भ एक्सप्रेस अब दोपहर 2.40 बजे की बजाए 2.30 बजे गोंदिया स्टेशन से रवाना होंगी।

## भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस पर जल्लोष भीमसैनिकों की शुरवीरों का मानवंदना कार्यक्रम



**वर्धा.** वर्धा जिले में पिछले कई वर्षों से अंबेडकरी आंदोलन में ईमानदारी से काम कर रहे भीम सैनिकों की तरफ से 1 जनवरी 2025 को भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस पर संविधान निर्माता, भारतरत्न डॉ. बाबासाहब के पुतले को नमन करके वीर -शुरवीरों को अभिवादन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है.

भीम सैनिकों का नेक इरादा भविष्य में अंबेडकरी समाजसेवियों को प्रेरणा और ऊर्जा देना और अंबेडकरी आंदोलन के काम को और अधिक गतिशील बनाना है, ऐसा रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अंबेडकर) के विदर्भ प्रदेश और जिला अध्यक्ष महेंद्र मुनेश्वर ने कहा. भीमा नदी के तट पर भीमा कोरेगांव की लढाई एक ऐतिहासिक लड़ाई है। यह युद्ध 1 जनवरी 1818 को हुआ था।

भीमा कोरेगांव का विजयस्तंभ हमारी वीरता का प्रतीक है. डॉ.बाबासाहब अंबेडकर 1 जनवरी को भीमा कोरेगाव को जाकर हमारे पूर्वजों को श्रद्धांजलि देते थे। आज शौर्य दिवस के अवसर पर हम सभी वीरों को नमन कर रहे हैं। अगर हमारे भारत के गैर-बौद्ध भी यह समझ लें कि वीरता की कोई जाति और धर्म नहीं होता, तो भी जातिवाद पर लगाम लग जाएगी, ऐसा भी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अंबेडकर) के विदर्भ प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र मुनेश्वर ने कहा है.

## राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में सालोड के अरविंद देशमुख का शानदार प्रदर्शन

**वर्धा.**



27 से 29 दिसंबर तक राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय मैदान पर आयोजित 45 वीं महाराष्ट्र मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सालोड गांव के अरविंद देशमुख ने अपने अनूठे प्रदर्शन से गांव का नाम ऊंचा किया है.पुरुषों के 75-80 आयु वर्ग में, अरविंद देशमुख ने गोलाफेक और थालीफेक दोनों में रजत पदक जीते, जबकि भाला फेंक में कांस्य पदक हासिल किया। उनके प्रदर्शन ने सालोड गांव की न केवल महाराष्ट्र के एथलेटिक्स जगत में, बल्कि पूरे देश में पहचान बनायी है. खेल और फिटनेस के प्रति अरविंद देशमुख का जुनून हमेशा युवाओं को प्रेरित करता रहा है। उम्र के इस पड़ाव पर भी वह लगातार विभिन्न राज्य स्तरीय और जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं और अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी सफलता से सालोड गांव के युवाओं में खेल के प्रति काफी उत्साह पैदा हुआ है। अरविंद देशमुख के इस सफल प्रदर्शन के बाद सालोड गांव के सरपंच अमोल कन्नाके, उपसरपंच आशीष कुचेवार, पत्रकार सुरक्षा समिति तालुका अध्यक्ष संजीव वाघ और ग्रामीणों ने उनका सत्कार किया.

इस अवसर पर बोलते हुए, उपसरपंच आशीष कुचेवार ने कहा, "अरविंद देशमुख हमारे लिए एक आदर्श हैं। उनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से, गाँव के कई युवाओं ने खेलों में रुचि विकसित की है।

अरविंद देशमुख ने अपनी सफलता का श्रेय पत्नी, बच्चों और ग्रामीणों को दिया। उन्होंने कहा, "यह उनके समर्थन की वजह से है कि वे आज भी खेल सकता है और खेलना जारी रखेंगे."

अरविंद देशमुख की कड़ी मेहनत और समर्पण के कारण आज सालोड गांव का नाम महाराष्ट्र और पूरे देश में ऊंचा हो गया है। उनकी सफलता की यात्रा निश्चित रूप से भविष्य के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी।

## एनसीसी के छात्र जवानों ने दुर्घटनाग्रस्त हाईवे से रेत उठाकर दिया योगदान

**देवली.**

वर्धा यवतमाल राजमार्ग पर देवली के पास उडान ब्रिज के किनारे बड़ी मात्रा में रेत, मिट्टी और छोटे पत्थर फैले हुए हैं, जिससे दोपहिया वाहनों के लिए खतरा पैदा हो गया है. राजमार्ग प्रबंधन और लोक निर्माण विभाग की ओर से इसकी अनदेखी के चलते पिछले माह से इस स्थान पर कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। सामाजिक जिम्मेदारी के तहत 30 दिसंबर को 21 महाराष्ट्र बटालियन के अंतर्गत स्थानीय एसएसएनजे कॉलेज के राष्ट्रीय छात्र सेना और राष्ट्रीय सेवा योजना (+2 स्तर) टीम के छात्र सैनिकों और स्वयंसेवकों ने बिखरे हुए रेत, मिट्टी और छोटे पत्थरों को उठाया और निपटान किया. इससे आने वाले दिनों में दुर्घटनाओं पर रोक लगेगी।

उक्त राजमार्ग पर फैली रेत एवं छोटे-छोटे पत्थरों को हटाने हेतु एनसीसी अधिकारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी कैप्टन मोहन गुजरकर के मार्गदर्शन में अवर अधिकारी आदर्श नाईक, मनोज नेहारे, कोमल शितले, पायल चौके, अभिषेक नेहारे, हरिओम उइके, प्रतीक क्षीरसागर, साक्षी येलने और राष्ट्रीय छात्र सेना टीम के



साथ-साथ स्वयंसेवकों ने एक किलोमीटर तक सड़क को सफलतापूर्वक साफ किया। इस समय प्रा. डॉ. नीलिमा बरगट, लाइब्रेरियन कांबले, रोवर लीडर संतोष तुरक और रोवर लीडर स्वप्निल शिंगाडे उपस्थित थे। विद्यार्थी सैनिक एवं रासेयो स्वयंसेवक महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनीता सोनारे ने की सराहना की.

## प्रशासन से नाराज सेवानिवृत्त कर्मचारी 2 जनवरी से करेंगे बेमियादी अनशन

**गोंदिया.**

गोंदिया जिले के सेवानिवृत्त शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं अधिकारियों की अनेक समस्याएं जिला परिषद स्तर पर प्रलंबित है। समस्याओं को मनवाने के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, मुख्य लेखा व वित्त अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, शिक्षाधिकारी व अन्य विभागों को पत्र भी दिया गया। लेकिन मांगों की ओर निरंतर अनदेखी की जा रही है। जिसकी वजह से महाराष्ट्र राज्य सेवानिवृत्त संगठन के बैनरतले सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा गोंदिया जिला परिषद के सामने 2 जनवरी 2025 से बेमियादी अनशन किया जाएगा। इसे लेकर 30 दिसंबर को गोंदिया तहसील सेवानिवृत्त संगठन की सभा आयोजित की गई। इस सभा के माध्यम से बेमियादी अनशन में सभी सेवानिवृत्त अधिकारी व कर्मचारियों को शामिल होने का आव्हान किया गया है। जिलाध्यक्ष एल.यू. खोब्रागड़े ने बताया कि सेवानिवृत्त शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी व अधिकारियों की समस्या पिछले अनेक वर्षों से प्रलंबित होने के बावजूद प्रशासन द्वारा गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। प्रशासन का ध्यानाकर्षण करने के लिए बेमियादी अनशन का रास्ता अपनाया जा रहा है।

## गोंदिया में चोरों का खौफ, एक ही रात 5 दुकानों के तोड़े ताले

**गोंदिया.**

गोंदिया में चोरी की वारदातों में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। आए दिन चोरों द्वारा कभी मकानों में चोरी की जा रही है तो कभी दुपहिया वाहनों को उड़ाया जा रहा है। अब 29 दिसंबर की देर अज्ञात रात चोरों ने गोंदिया शहर के मुख्य बाजार के 5 दिनों के ताले तोड़े हैं। इस वारदात में चोरो ने 3 लाख 20 हजार रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिए जाने की जानकारी मिली है। गोंदिया शहर के नागरिकों में चोरों का खौफ नजर आ रहा है। ऐसे में पुलिस प्रशासन




के खिलाफ शहरवासियों का नाराजगी बढ़ रही है। नागरिकों का कहना है कि पुलिस प्रशासन द्वारा शहर में उचित तरीके से गश्त नहीं लगाई जा रही है, अगर ऐसा होता तो पुलिस स्टेशन से कुछ ही दूरी पर स्थित इन दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम नहीं दिया जा सकता था। गौरतलब है कि गोंदिया शहर के मुख्य बाजार में स्थित खजानामल सलामत राय, विक्की कलेक्शन, आनंद इलेक्ट्रॉनिक, अप्पाजी मेन्सवेयर, सोनी इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान में अज्ञात चोरों ने 29 दिसंबर की देर रात चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान के शटर को उठाकर दुकानों में प्रवेश किया एवं काउंटर में रखी नगद राशि को चुरा लिया। पुलिस स्टेशन से महज कुछ ही दूरी पर स्थित इन दुकानों में चोरी की वारदात को अंजाम देना गंभीर घटना है। ऐसे में पुलिस प्रशासन द्वारा लगाए जानेवाले रात्रि गश्त पर ही सवाल निर्माण होने लगे हैं। जानकारी मिली है कि चोरों ने 3 लाख 20 हजार रुपए के माल पर हाथ साफ कर दिया है।

# विकास की बाट जोह रहा हाजराफॉल पर्यटन स्थल

**गोंदिया.**

गोंदिया जिले की सालेकसा तहसील में स्थित हाजराफॉल पर्यटन स्थल जिले एवं आसपास के जिलों के नागरिकों के लिए चिरपरिचित पर्यटन स्थल है। प्राकृतिक हरियाली से आच्छादित पहाड़ों के बीच से गिरनेवाले झरने के मनोहारी दृश्य को देखने के लिए यहां वर्षभर पर्यटकों का आना जाना लगा रहता है। लेकिन इस पर्यटन क्षेत्र के विकास की ओर शासन की अनदेखी के चलते यहां अपेक्षित पैमाने पर



विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। यदि इस स्थान पर पर्यटकों की सुविधा के साथ ही सुरक्षा के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाए तो, इस पर्यटन स्थल की न केवल कायाकल्प हो सकता है बल्कि रोजगार के अवसर भी स्थानीय युवाओं को प्राप्त हो सकते हैं। जिले के आदिवासी बहुल एवं नक्सल प्रभावित सालेकसा तहसील का यह पर्यटन स्थल गोंदिया से लगभग 55 किमी दूर स्थित है। बारिश के दिनों में जब पहाड़ पर से पानी की विशाल धारा नीचे गिरकर जो धुंआ उठता दिखाई देता है, वह दृश्य यहां आनेवाले हर पर्यटक को रोमांचित करता है। गोंदिया जिले के अंतिम छोर पर स्थित यह प्राकृतिक झरना महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ की सीमा से नजदीक होने के कारण यहां बड़ी संख्या में पर्यटक बारहों महिने आते हैं। बारिश के दिनों में तो यहां आनेवाले पर्यटकों की संख्या सैकड़ों में नहीं हजारों में प्रतिदिन होती है। वन विभाग की सहायता से स्थानीय युवकों ने पर्यटन विकास समिति का गठन किया है। इस समिति की आय का मुख्य स्रोत यहां आनेवाले पर्यटकों से मिलनेवाला प्रवेश शुल्क, वाहन पार्किंग शुल्क, सहासी खेलों से मिलनेवाला शुल्क, कैंटिन से होनेवाली आय आदि है। इस आय से लगभग 30 युवाओं को रोजगार भी मिला हुआ है। जो विभिन्न प्रबंधन के कार्य संभालने के अलावा गाइड का काम भी करते हैं। हाजराफॉल पर्यटन स्थल हावड़ा-मुंबई रेल मार्ग पर दरेकसा रेलवे स्टेशन से एक किमी के अंतर पर है। लेकिन यहां केवल लोकल गाड़ियों का स्टापेज है। जिसके कारण लंबी दूरी से आनेवाले पर्यटक यहां सीधे नहीं पहुंच पाते।

## बीत गए 40 वर्ष, अधूरा ही रह गया पिंडकेपार सिंचाई प्रकल्प

**गोंदिया.**

गोंदिया में पिंडकेपार मध्यम प्रकल्प को मंजूरी मिली थी। तब इस मध्यम प्रकल्प की कीमत 2.43 करोड़ रुपए थी। लेकिन शासन की उदासीनता के चलते एवं वन विभाग की बाधाओं के कारण 40 वर्षों बाद इस प्रकल्प की कीमत 110 करोड़ 21 लाख रुपए तक पहुंच गई है। नई सरकार द्वारा इस प्रकल्प को पूर्ण कर किसानों के लिए सिंचाई व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी या नहीं? क्या क्षेत्र के जनप्रतिनिधि इस ओर गंभीरता से ध्यान देंगे? इस तरह का सवाल निर्माण हो रहा है।

गौरतलब है कि शहर से सटे पिंडकेपार क्षेत्र में वर्ष 1982-83 में पिंडकेपार मध्यम प्रकल्प को मंजूरी दी गई थी। 2 करोड़ 43 लाख रुपए खर्च कर इस प्रकल्प के काम को पूरा किया जाना था। लेकिन प्रकल्प को पूर्ण करने के लिए डव्वा व रापेवाड़ा के किसानों की 156 हेक्टेयर खेत जमीन संपादित की जानी है। वहीं वन विभाग की 34.77 हेक्टेयर जमीन संपादित की जा रही है। वर्ष 1983 में प्रकल्प के काम की शुरुआत की गई। वर्ष 2008-9 में प्रकल्प की कीमत 40 करोड़ 66 लाख तक पहुंची। काम शुरु रहते ही वन विभाग ने अपनी क्षेत्र की जमीन देने से साफ इंकार कर दिया। जिससे प्रकल्प का काम अधूरा ही रखना पड़ा। गोंदिया मध्यम प्रकल्प विभाग की ओर से इस प्रकल्प को पूर्ण करने के लिए शासन से पत्र व्यवहार किया गया। वन विभाग को इस संबंध में समझाया भी गई। जिसे वन विभाग ने मुद्दे को गंभीरता से लेकरा वर्ष 2016 में प्रकल्प पूर्ण करने के लिए मंजूरी प्रदान की। गोंदिया मध्यम प्रकल्प विभाग ने प्रस्ताव पेश किया। प्रस्ताव शासन ने मंजूर करते समय संपादित जमीन की भरपाई के लिए 33 करोड़ रुपए की निधि मंजूर की।

## रेत तस्करों पर पुलिस की कार्रवाई, 2 वाहनों सहित 15 लाख का माल जब्त

> तिरोड़ा एवं आमगांव पुलिस की कार्रवाई

**गोंदिया.**

तिरोडा एवं आमगांव पुलिस थानांतर्गत दो अलग-अलग घटनाओं में पुलिस ने दो वाहनों को अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर परिवहन करते हुए पकड़ने में सफलता प्राप्त की है।

पहली घटना में तिरोडा पुलिस थानांतर्गत जमनानगर की ओर जानेवाले मार्ग पर आरोपी टिप्पर मालकी ग्राम खरबी जिला भंडारा निवासी नवीन ग्यानेश्वर सिंगनजुडे (22) एवं ग्राम मांगली जिला भंडारा निवासी शुभम ईश्वर रहांगडाले (23) टिप्पर क्रमांक एम.एच.36/एफ-3447 में 15 हजार रूपये मुल्य की लगभग 3 ब्रास रेती का अवैध परिवहन करते हुए पकड़े गये है। यह कार्रवाई 28 दिसंबर की रात की गई। पुलिस ने 10 लाख रूपये मुल्य का टिप्पर एवं रेत मिलाकर कुल 10 लाख 15 हजार रूपये का माल जप्त किया गया है। फरीयादी पुलिस कर्मी सुर्यकांत अशोक खराबे (32) की लिखीत रिपोर्ट पर तिरोड़ा पुलिस ने अपराध क्रं.940/2024 भारतीय न्याय सहित की धारा 303 (2) 49 के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच पुलिस हवालदार श्रीरामे कर रहे है।

दुसरी घटना आमगांव पुलिस थानांतर्गत की है, जहां 29 दिसंबर को दोपहर 1 बजे से 1.45 बजे के दौरान फरीयादी पुलिस हवालदार दुधराम कवडु मेश्राम (50) अपने स्टॉफ के साथ आंबेडकर चौक आमगांव में नाकाबंदी कर रहे थे। इसी दौरान गोंदिया रोड की ओर आनेवाले ट्रक



क्रं.एम.एच.35/ए.जे.2775 की जांच की गई तो उसमें दो ब्रास रेत का परिवहन किये जाने की बात प्रकाश में आयी। ट्रक चालक रामाटोली निवासी संजय बाबुलाल पंधराम (45) एवं ट्रक मालिक पद्मपुर निवासी देवानंद शालीकराम कोरे (31) से पुछताछ करने पर वे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे पाये, जिसके बाद पुलिस ने 4 लाख 50 हजार रूपये मुल्य का ट्रक एवं 60 हजार रूपये मुल्य की दो ब्रास रेत मिलाकर कुल 4 लाख 57 हजार रूपये का माल जप्त किया।

फरीयादी की लिखीत रिपोर्ट पर आमगांव पुलिस ने अपराध क्रं.660/2024 भारतीय न्याय सहिता की धारा 303 (2), 3 (5) के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच पुलिस हवालदार उईके कर रहे है।

## गोंदिया की धरतीपर दम तोड़ रहे सारस पक्षी

> पांच वर्षों में 16 सारस पंछियों की हुई मौत
> मौत का कारण विद्युत करंट और जहरीला भोजन

**गोंदिया.**

सारस पक्षी को प्रेम का प्रतीक माना जाता है। यह प्रजाति दुर्लभ पंछियों में आतीं हैं। गोंदिया तहसील के परसवाड़ा, झिलमिली, छिपीया परीसर में सारस पक्षी के जोड़े अक्सर दिखाई देते हैं। यहां सारस पक्षी देखने के लिए दूरदराज पक्षी प्रेमी आते हैं। प्रतिदिन सुबह 5 से 6 बजे पक्षी प्रेमियों का जमावड़ा रहता है और सारस मित्रों द्वारा नि: शुल्क रूप से पक्षी प्रेमियों को सारस के साथ ही विदेशी पक्षियों के दर्शन करवाये जाते हैं। लेकिन गोंदिया की धरा पर सारस पक्षी दम तोड़ रहे हैं। पिछले पांच वर्षों पर गौर किया जाए तो लगभग 16 सारस पक्षियों की मौत दर्ज की गई है।



इन पक्षियों की मौत का कारण विद्युत करंट और जहरीला भोजन बताया जा रहा है।

गौरतलब है कि वयस्क सारस अपने अवयस्क बच्चों को लेकर एकत्रित रहते हैं। जिसमें इनका सामाजिक परीचय भी होता है। ऐसा मानना पक्षी प्रेमियों का है और आगे चलकर वे अपना जीवनसाथी चुनते हैं। सारस पक्षी दड़नेवाले पक्षियों में सबसे ऊंचा पक्षी माना जाता है। लेकिन अब सारस पक्षी गोंदिया की धरा पर से दम तोड़ते हुए दिखाई देने लगे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार वर्ष 2014 में पांजरा (कामठा) खेत परीसर में 2 सारस की मृत्यु हुई थी। जबकि वर्ष 2022 में आश्रम शाला कामठा खेत परिसर में 2, वर्ष 2022 में ही बडेगाव खेत परिसर में 3, वर्ष 2023 में परसवाड़ा तालाब में 1, वर्ष 2023 में दासगांव खेत परीसर में 1, वर्ष 2023 में घाटेमनी खेत (आमगांव) परीसर में 1, वर्ष 2023 में शिवनी खेत परीसर में 2, डांगोर्ली नदी घाट परीसर में 2 सारस की मृत्यु, वर्ष 2022-23 में कटंगटोला नदी परीसर में 2 सारस की मृत्यु दर्ज की गई है। वहीं अब परसवाड़ा में 3 एवं आसोली-मुंडीपार परिसर में जो 2 सारस पक्षी थे, वह दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। ऐसे में यह पक्षी आखिर गए तो गए कहा? इस तरह का सवाल निर्माण हो रहा है।

# छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए महावितरण देगा मुफ्त नेट मीटर

**गोंदिया.**

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत अब महावितरण द्वारा ग्राहकों को मुफ्त नेट मीटर प्रदान किया जाएगा। जिससे ग्राहक अपने सौर ऊर्जा प्रकल्प से कितनी बिजली निर्माण हुई है और घर में कितनी बिजली का उपयोग हुआ है? इसकी अपडेट जानकारी मोबाइल एप पर प्राप्त कर सकेगा। मुख्यमंत्री की सूचना पर यह सुविधा ग्राहकों को दी जा रही है।

ऐसी जानकारी दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 300 यूनिट तक बिजली का उपयोग करनेवाले घरेलू ग्राहकों को मुफ्त बिजली प्राप्त हो और अतिरिक्त बिजली बेचकर उन्हें अलग से आय मिल सके, इसके लिए प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शुरु की गई है। इसके तहत 3 किलो वॉट तक की क्षमता के सौर ऊर्जा प्रकल्प लगानेवाले ग्राहकों को केंद्र सरकार से अनुदान मिलता है।

प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना में ग्राहक की छत पर लगाए गए सौर ऊर्जा प्रकल्प से कितनी बिजली निर्माण हुई? ग्राहक ने घर में कितनी बिजली का उपयोग किया और कितनी अतिरिक्त बिजली ग्राहक ने महावितरण को बेची? इसकी निगरानी के लिए एक अलग से नेट मीटर लगाना आवश्यक होता है। पहले इसका खर्च ग्राहकों को उठाना पड़ता था। अब महावितरण ने ग्राहकों को मुफ्त सोलर नेट मीटर देने का निर्णय लिया है। इससे ग्राहकों के पैसे बचेंगे और उन्हें मोबाइल पर रोजाना बिजली उत्पादन, उपयोग तथा अतिरिक्त युनिट की जानकारी प्राप्त होगी।



इसके आधार पर ग्राहक अपने बिजली उपयोग की योजना बना सकेंगे और अपने बिजली बिल को शुन्य करने के लिए भी प्रयास कर सकेंगे। राज्य में वर्तमान में 3 लाख 23 हजार ग्राहकों ने महावितरण से प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए आवेदन किया है। इन सभी ग्राहकों को महावितरण का मुफ्त सोलर नेट मीटर प्राप्त होगा।

यह योजना इस वर्ष फरवरी में शुरु हुई थी और अब तक 83 हजार 74 ग्राहकों ने छत पर सौर ऊर्जा उत्पादन प्रकल्प लगाकर इसका लाभ लिया है। इनकी कुल क्षमता 315 मेगा वाट है और उन्हें केंद्र सरकार से 647 करोड़ रुपए का अनुदान भी मंजूर हुआ है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए ग्राहकों को www.pmsuryaghar.gov.in वेबसाइट पर पंजीकरण करना होता है। महावितरण इस योजना की राज्य में कार्यान्वयन एजेंसी है।

महावितरण ने इसके लिए स्वतंत्र पोर्टल तैयार किया है। जिससे बिजली ग्राहक और आपूर्ति कर्ताओं को महावितरण के कार्यालय में आने की आवश्यकता नहीं होती है। पंजीकरण के बाद अंतिम मंजूरी मिलने तक प्रकल्प प्रारंभ होने तक फेसलेस एवं पेपरलेस प्रक्रिया के तहत कार्रवाई होती है। जिससे योजना के क्रियान्वयन में तेजी आती जा रही है।

## अवैध तरीके से शराब की बिक्री करनेवाले पुलिस की गिरफ्त में

**वर्धा.**

अवैध शराब की बिक्री करनेवालोंपर सेवाग्राम पुलिस ने शराबबंदी कानुन के तहत 1,14,290/- रूपये मूल्य की देशी एवं विदेशी शराब का स्टॉक जप्त किया.

दि. 30/12/2024 को सुभाष कलसे निवासी आलोडी के घर छापेमारी के दौरान अभियुक्तों ने रॉयल स्टैग कंपनी की 06 शीशी विदेशी शराब 180 एमएल, ऑफिसर चॉइस ब्लू कंपनी 07 शीशी विदेशी शराब 180 एमएल, ऑफिसर ऑफ चॉइस कंपनी की 180 एमएल विदेशी शराब से भरी 06 शीशी, ओल्ड मंक कंपनी की 180 एमएल की विदेशी शराब से भरी 05 शीशी, टैंगो पंच कंपनी की



90 एमएल की 13 शीशी विदेशी शराब, शराब की नकद बिक्री रु. 2,640/-रु., एक सैमसंग कंपनी का प्रयुक्त फ्रिज, एक सफेद ज्यूपिटर कंपनी का मोपेड, ज्यूपिटर कंपनी की एक लाल रंग की पुरानी प्रयुक्त मोपेड कुल 1,14,290/-रु. सामान जब्त किया. आरोपी सुभाष कलसे, पूर्णिमा सुभाष कलसे दोनों निवासी आलोडी, जिला वर्धा और अनिकेत शेखर गजभिये, निवासी सावजी नगर, कार्ला रोड, वर्धा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था.

उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक अनुराज जैन, अपर पुलिस अधीक्षक सागर कवड़े, उपविभागीय पुलिस अधिकारी वर्धा प्रमोद मकेश्वर के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक प्रतीक्षा खेतमालिस, थानेदार पुलिस स्टेशन सेवाग्राम के निर्देशानुसार हरिदास काकड़, सचिन सोनटक्के, मंगेश झामरे, गजानन कठाने, पी.एस. वैभव चरडे, प्रियंका मोहर्ले द्वारा कि गयी.

# वार्षिक व्यसनमुक्त पहाट कार्यक्रम, नशामुक्त नववर्ष का संकल्प

## > विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह का आयोजन

**गोंदिया.**

श्री गणेश ग्रामीण विकास शिक्षण संस्था के माध्यम से प्रतिवर्ष 31 दिसंबर की रात व्यसनमुक्त पहाट कार्यक्रम का आयोजन पिछले 13 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नववर्ष का स्वागत पूरी तरह नशामुक्त रहकर करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना है। नशा ही समाज में अशिक्षा एवं दरिद्रता का प्रमुख कारण है। इसलिए युवाओं को नशामुक्ति का संकल्प लेकर औरों को भी इसके लिए प्रेरित करने तथा नशे की पहली घुंट से ही बचने का संदेश देने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। यह जानकारी समाजसेवी एवं शिक्षण संस्था के संस्थापक विजय बहेकार ने 30 दिसंबर को आयोजित पत्र परिषद में दी। उन्होंने बताया कि इस बार यह कार्यक्रम गुर्जर क्षत्रिय समाजवाड़ी गोंदिया में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि जयपुर, राजस्थान में डीआईजी के पद पर कार्यरत परिश अनिल देशमुख, जिलाधिकारी प्रजीत नायर, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे, जिप के सीईओ एम. मुरुगानंथम के साथ ही अभिनेत्रि विजया बाबर, चंद्रलेखा जोशी एवं डा. सृष्टि बहेकार, नाबार्ड के डीडीएम अविनाश लाड, एसडीओ चंद्रभान खंडाईत, सहायक धर्मदाय आयुक्त डा. दिशा पजई, लहरी बाबा आश्रम कामठा के डा. खिलेश्वर बाबा खरकाटे, सहायक समाज कल्याण आयुक्त विनोद मोहतुरे, समाज कल्याण अधिकारी दिलीप खोटेले, सहायक राज्य कर आयुक्त मिनाक्षी बंसोड़ उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करनेवालों का सत्कार भी किया जाएगा। इस वर्ष सत्कारमूर्तियों में डीआईजी परीश देशमुख, पूर्व समाज कल्याण अधिकारी अनिल देशमुख, लेखक बिपीन बिहारी शांडिल्य, भजेपार के सरपंच चंद्रकुमार बहेकार, वर्धा के कुष्ठरोग अस्पताल एवं पुनर्वसन केंद्र के चित्तरंजन सारंगी, लावणी डांसर अरशद जावेद खान, मुंबई विमानतल पर कार्यरत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ममता नंदागवली का समावेश है। कार्यक्रम का उद्घाटन 31 दिसंबर को शाम 7 बजे किया जाएगा। व्यसनमुक्ति पर द राईज एक्शन डाक्युमेंट्री फिल्म का विमोचन भी किया जाएगा। रात 8.30 से 11.30 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं 11.30 से 12 बजे तक पुरस्कार वितरण एवं रात्रि 12 से तड़के 1 बजे तक नववर्ष का स्वागत किया जाएगा। पत्र परिषद में व्यसनमुक्त पहाट उत्सव समिति के अध्यक्ष सतीश नागी रेड्डी भी उपस्थित थे।

## 3 जनवरी को सावित्री फुले का जन्मदिन

**सौंसर.** आगामी 3 जनवरी शुक्रवार को क्रांतीज्योती सावित्रीबाई फुले के जन्मदिवस राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मोमेंट 21 की ओर से सौसर नगर में मनाया जा रहा है।

मोमेंट 21 संस्था आयोजक जया पाटिल ने बताया कि क्रांती ज्योती सावित्रीबाई फुले का जन्म दिवस संपूर्ण भारत में राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। क्योंकि क्रांतीज्योती सावित्रीबाई फुले ने ही महिलाओं के लिए सन 1848 में भारत में पहली बार शिक्षा का द्वार खुला था। रात्रि के समय में स्कूल लगाकर महिलाओं को शिक्षित करने का कार्य किया है। इसीलिए उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय शिक्षक दिवस के रूप में मोमेंट 21 के द्वारा मनाया जा रहा है। सौसर नगर के वार्ड नं 6 महात्मा ज्योतिबा फूले सभागृह में शुक्रवार दिनांक 3 जनवरी को सुबह 11:30 बजे से विभिन्न कार्यक्रमों के साथ में आई सावित्री फुले का जन्मदिवस विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं।

## जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में बच्चों ने जीते मैडल

### नगर प्रशासन ने किया बच्चों का स्वागत



**सौंसर.**

नगर मोहगांव के बुरुजवाड़े कराटे क्लास के कोच रामनारायण बुरुजवाड़े द्वारा मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 28,29 को जिला सिवनी में इंटर स्टेट कराटे चैंपियन शिप प्रतियोगिता में नगर मोहगांव के बच्चों का चयन हुआ था, जिसमे नगर के बच्चों ने बाजी मार कर गोल्ड और सिल्वर मेडल हासिल किए। मेडल हासिल करने वाले बच्चों में प्रियल राजकुमार सेवतकर काता में गोल्ड मेडल, कुमीते में सिल्वर मेडल, तरुण अजय भूते काता में सिल्वर मेडल, कुमीते में ब्रॉन्ज मेडल,आर्यन सेंडरे ने कुमीते में ब्रॉन्ज मेडल जीता जिसमें चैंपियन शिप में मेडल जीतकर नगर का नाम रोशन करने पर नगर प्रशासन, नगर वासियों ने बच्चों का स्वागत कर उत्साह वर्धन किया जिसमें मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंद्रमोहन गरमे,नगर परिषद अध्यक्ष संदीप घाटोडे,भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज कलंबे ने बच्चों को उपहार देकर स्वागत किया, बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई,इस अवसर पर परिषद के कर्मचारी,नगरवासी उपस्थित थे।

# नूतन वर्ष के आगमन पर भीलगांव में हुए भजन



**कामठी.**

भीलगांव महिला मंडल की ओर से आई तुलजाभवानी भजन मंडल का पुराने वर्ष की विदाई एवं नये वर्ष का आगमन दोपहर 1 बजे से रात्रि के 1 बजे तक पंच कमेटी हनुमान मंदिर (राम मंदिर) भीलगांव में अनवरत भजन कार्यक्रम आयोजित किया गया.

कार्यक्रम के सगलतार्थ भजन मंडळा की अध्यक्ष सत्यफुला मोहबे, उपाध्यक्ष वंदना पडोळे, कोषाध्यक्ष वंदना निमजे, कल्पना बांगडकर, कुंदा बावनकर, शोभा निमजे, उषा वांढरे, सिंधु खुजनारे, शोभा नागभिडकर, वंदना माहाकाळकर, उमा तिवारी, कमला व्यास, पुष्पा पडोळे आदि पदाधिकारी व सदस्य सहित ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत किए.

## नए साल में 45 मिनट में होंगे बाबा महाकाल के दर्शन

**भोपाल.**

नया साल आने में अब कुछ ही समय बचा है। ज्यादातर लोग नए साल की शुरुआत उज्जैन स्थित बाबा महाकाल के दर्शन से करते हैं। ऐसे में 1 जनवरी को बाबा महाकाल के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ जुटने की संभावना है।

इसे देखते हुए भगवान महाकाल के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक जनवरी के दिन मंदिर समिति इस बार विशेष तैयारी कर रही है। भक्तों को आसानी से दर्शन कराने के लिए कई व्यवस्थाएं की गई हैं। वहीं, प्रशासन का दावा है कि सुगम दर्शन व्यवस्था से भक्त करीब 45 मिनट में भगवान के दर्शन कर सकेंगे।

भक्तों को कर्कराज पार्किंग से शक्तिपथ होते हुए महाकाल लोक से मंदिर में प्रवेश मिलेगा। एक को शीघ्र दर्शन टिकट व्यवस्था बंद रहेगी। कार्तिक मंडपम में सामान्य श्रद्धालुओं को बड़ी संख्या में प्रवेश कराकर दर्शन करवाए जाएंगे।

## अन्नाभाऊ साठे सामुदायिक भवन में अव्यवस्थाएं

**सौंसर.**

नगर पालिका द्वारा करोड़ों की लागत से निर्मित अन्नाभाऊ साठे सामुदायिक भवन में निर्माण के कुछ ही वर्षों के भीतर अव्यवस्थाएं सामने आने लगी हैं। भवन में लगाई गई टाइल्स उखड़ना शुरू हो गई हैं, और कई स्थानों पर टाइल्स टूट चुकी हैं। भवन की सुरक्षा



के लिए बनाई गई दीवार के बावजूद गेट का अभाव है, जिसके चलते शाम होते ही असामाजिक तत्वों का यहां डेरा जमने लगता है। शराब पीने जैसी गतिविधियां आम हो गई हैं, जिससे स्थानीय नागरिकों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। जागरूक नागरिकों ने नगर पालिका से इस भवन में जल्द से जल्द सुरक्षा गेट लगाने की मांग की है, ताकि भवन का सही तरीके से उपयोग हो सके और असामाजिक तत्वों पर रोक लगाई जा सके।

## एयरलाइंस को देना होगा विदेशी यात्रियों का डाटा

**नई दिल्ली.**

विमानन कंपनियों को अब अनिवार्य रूप से भारतीय सीमा शुल्क (कस्टम) अधिकारियों के साथ विदेशी यात्रियों का विवरण साझा करना होगा। इसका अनुपालन नहीं करने पर जुर्माना लगाया जा सकता है। यह व्यवस्था एक अप्रैल, 2025 से लागू होगी।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के अनुसार, भारत से/भारत के लिए उड़ानें संचालित करने वाली सभी विमानन कंपनियों को इसका अनुपालन करने के लिए 10 जनवरी, 2025 तक राष्ट्रीय सीमा शुल्क लक्ष्यीकरण केंद्र-यात्री (एनसीटीसी-पैक्स) के साथ पंजीकरण कराना होगा। अंतरराष्ट्रीय उड़ान के प्रस्थान से 24 घंटे पहले मोबाइल नंबर और भुगतान के तरीके से लेकर यात्रा कार्यक्रम तक का विवरण अधिकारियों के साथ साझा करना होगा।

सीबीआईसी ने आठ अगस्त, 2022 को, 'यात्री नाम रिकॉर्ड सूचना विनियमन, 2022' अधिसूचित किया था। इसके तहत विमानन कंपनियों को सीमा शुल्क विभाग के साथ विदेशी यात्री नाम रिकॉर्ड (पीएनआर) विवरण साझा करना जरूरी था। यदि कोई एयरलाइन आंकड़ा साझा करने में विफल रहती है तो सीमा शुल्क विभाग गैर-अनुपालन 25,000 से 50,000 रुपये तक का जुर्माना लगा सकता है।

सीबीआईसी ने पिछले सप्ताह जारी सूचना में कहा कि विनियमन को लागू करने की प्रणाली एनसीटीसी-पैक्स विकसित कर रहा है। इसे जनवरी, 2025 से चरणबद्ध तरीके से लागू किया जाएगा। सीमा शुल्क विभाग ने यह भी कहा कि अपेक्षित यात्री जानकारी एकत्र करने के लिए पीएनआरजीओवी प्रणाली को उन कुछ विमानन कंपनियों के साथ पायलट आधार पर शुरू किया जाएगा, जिन्होंने इसमें शामिल होने की इच्छा जताई है।

## प्रधानमंत्री मोदी से चंद्रशेखर बावनकुले ने की मुलाकात



**कामठी.**


महाराष्ट्र प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व राजस्व मंत्री चंद्रशेकर बावनकुले ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है. भेंट दौरान चंद्रशेखर बावनकुले ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को माँ महालक्ष्मी जगदंबा की काष्ठशिल्पभी भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया. ज्ञात हो कि महाराष्ट्र मंत्रिमंडल गठन के बाद चंद्रशेखर बावनकुले की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से यह पहली मुलाकात है. नई दिल्ली में सदिच्छा भेंट कर उन्हें कोराडी की माँ जगदंबा के दर्शन के लिए आने का अनुरोध भी किया.




















संकलन - अनिल धनविजय, संवाददाता उमरेड तालुका